SET-3

Series HFG1E/2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **56/2/3**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# रसायन विज्ञान (सैद्धांतिक)

# CHEMISTRY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका सख़्ती से पालन करें :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **35** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **19** से **25** तक अति लघु उत्तरीय प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **26** से **30** तक लघु उत्तरीय प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** तथा **32** केस आधारित **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **33** से **35** तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के **पाँच-पाँच** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड **ख** के **2** प्रश्नों में, खण्ड **ग** के **2** प्रश्नों में, खण्ड **घ** के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड **ङ** के **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *कैल्कुलेटर का उपयोग वर्जित है ।*

## खण्ड – क

1. प्रकाश की उपस्थिति में वायु द्वारा क्लोरोफॉर्म के स्वतः ऑक्सीकरण से निम्नलिखित में से कौन सी विषैली गैस बनती है ? **1**

   (a) अश्रु गैस  (b) मस्टर्ड गैस

   (c) फॉस्जीन गैस  (d) क्लोरीन गैस

2. निम्नलिखित लिगन्डों में से कौन उभदंती लिगन्ड है ? **1**

   (a) CO  (b) $NO_2$

   (c) $NH_3$  (d) $H_2O$

***General Instructions :***

**Read the following instructions very carefully and follow them :**

*(i)* *This Question Paper contains **35** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question Paper is divided into **FIVE** sections – Section **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***In section A** – question number **1** to **18** are Multiple Choice (MCQ) type questions carrying **1** mark each.*

*(iv)* ***In section B** – question number **19** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions carrying **2** marks each.*

*(v)* ***In section C** – question number **26** to **30** are Short Answer (SA) type questions carrying **3** marks each.*

*(vi)* ***In section D** – question number **31** & **32** are case-based questions carrying **4** marks each.*

*(vii)* ***In section E** – question number **33** to **35** are Long Answer (LA) questions carrying **5** marks each.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section **B**, 2 questions in Section **C**, 2 questions in Section **D** and 2 questions in Section **E**.*

*(ix)* *Use of calculator is NOT allowed.*

## SECTION – A

1. Auto oxidation of chloroform in air and sunlight produces a poisonous gas known as **1**

   (a) Tear gas (b) Mustard gas


   (c) Phosgene gas (d) Chlorine gas


2. Which of the following ligands is an ambidentate ligand ? **1**


   (a) CO (b) $NO_2$


   (c) $NH_3$ (d) $H_2O$

3. निम्नलिखित में से किसका $p^{K}b$ मान उच्चतम है ? **1**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

4. प्रथम कोटि की अभिक्रिया के लिए $\log \frac{[R]_0}{[R]}$ एवं समय के मध्य आलेख में ढाल है **1**

(a) $\frac{+k}{2.303}$

(b) $+k$

(c) $\frac{-k}{2.303}$

(d) $-k$

5. जब D-ग्लूकोस, HI के साथ अभिक्रिया करता है तो यह निर्मित करता है **1**

(a) ग्लूकोनिक अम्ल

(b) n-हैक्सेन

(c) सैकैरिक अम्ल

(d) आयडोहैक्सेन

6. विन्यास में प्रतिलोमन होता है **1**

(a) $S_N2$ अभिक्रिया में

(b) $S_N1$ अभिक्रिया में

(c) न तो $S_N2$ में और न ही $S_N1$ अभिक्रिया में

(d) $S_N1$ और $S_N2$ दोनों अभिक्रियाओं में

7. निम्नलिखित में से किसकी वृद्धि के साथ गैस की द्रव में विलेयता घटती है ? **1**


(a) दाब


(b) ताप


(c) आयतन


(d) विलेय अणुओं की संख्या

3. Among the following, which has the highest value of $p^{K}b$ ? **1**

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 


4. The slope in the plot of $\log \frac{[R]_0}{[R]}$ vs. time for a first order reaction is **1**

(a) $\frac{+k}{2.303}$ (b) $+k$

(c) $\frac{-k}{2.303}$ (d) $-k$

5. When D-glucose reacts with HI, it forms **1**

(a) Gluconic acid (b) n-hexane

(c) Saccharic acid (d) Iodohexane

6. Inversion of configuration occurs in **1**

(a) $S_N2$ reaction

(b) $S_N1$ reaction

(c) Neither $S_N2$ nor $S_N1$ reaction

(d) $S_N1$ as well as $S_N2$ reaction

7. Solubility of gas in liquid decreases with increase in **1**

(a) Pressure (b) Temperature

(c) Volume (d) Number of solute molecules

8. निम्नलिखित में से कौन सा संबंध गलत है ? **1**

(a) $R = \frac{1}{k}\left(\frac{l}{a}\right)$ (b) $G = k\left(\frac{a}{l}\right)$

(c) $G = k\left(\frac{l}{a}\right)$ (d) $\wedge_m = \frac{k}{c}$

9. ऐसीटोफ़ीनोन और बेन्जोफ़ीनोन में विभेद करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा अभिकारक प्रयुक्त किया जा सकता है ? **1**

(a) 2, 4-डाईनाइट्रोफ़ेनिल हाइड्रैज़ीन (b) जलीय $NaHSO_3$

(c) फेलिंग विलयन (d) $I_2$ और NaOH

10. निम्नलिखित अभिक्रियाओं में से कौन सी संभव है ? **1**

(a) $CH_3CH_2Br + Na^+ O^-C(CH_3)_3 \rightarrow CH_3CH_2 - O - C(CH_3)_3$

(b) $(CH_3)_3 C - Cl + Na^+ O^- CH_2CH_3 \rightarrow CH_3CH_2 - O - C(CH_3)_3$

(c) (a) और (b) दोनों

(d) न तो (a) और न ही (b)

11. निम्नलिखित यौगिकों में से कौन तनु NaOH विलयन की उपस्थिति में स्व-संघनन करेगा ? **1**

(a) $C_6H_5CHO$ (b) $CH_3CH_2CHO$

(c) $(CH_3)_3C - CHO$ (d) $H - CHO$

12. अभिक्रिया $3A \rightarrow 2B$ के लिए, अभिक्रिया वेग $-\frac{d[A]}{dt}$ बराबर है **1**

(a) $\frac{+3}{2}\frac{d[B]}{dt}$ (b) $\frac{+2}{3}\frac{d[B]}{dt}$

(c) $\frac{+1}{3}\frac{d[B]}{dt}$ (d) $\frac{+1}{2}\frac{d[B]}{dt}$

8. Which of the following relations is incorrect ? **1**

(a) $R = \frac{1}{k}\left(\frac{l}{a}\right)$ (b) $G = k\left(\frac{a}{l}\right)$

(c) $G = k\left(\frac{l}{a}\right)$ (d) $\wedge_m = \frac{k}{c}$

9. The reagent that can be used to distinguish acetophenone and benzophenone is **1**

(a) 2, 4-dinitrophenyl hydrazine (b) aqueous $NaHSO_3$

(c) Fehling solution (d) $I_2$ and NaOH

10. Which of the following reactions are feasible ? **1**

(a) $CH_3CH_2Br + Na^+ O^-C(CH_3)_3 \rightarrow CH_3CH_2–O – C (CH_3)_3$

(b) $(CH_3)_3 C – Cl + Na^+ O^- CH_2CH_3 \rightarrow CH_3CH_2 – O – C(CH_3)_3$

(c) Both (a) and (b)

(d) Neither (a) nor (b)

11. Which of the following compounds will undergo self-condensation in the presence of dilute NaOH solution ? **1**

(a) $C_6H_5CHO$ (b) $CH_3CH_2CHO$

(c) $(CH_3)_3C – CHO$ (d) H – CHO

12. For the reaction $3A \rightarrow 2B$, rate of reaction $-\frac{d[A]}{dt}$ is equal to **1**

(a) $\frac{+3}{2}\frac{d[B]}{dt}$ (b) $\frac{+2}{3}\frac{d[B]}{dt}$

(c) $\frac{+1}{3}\frac{d[B]}{dt}$ (d) $\frac{+1}{2}\frac{d[B]}{dt}$

13. निम्नलिखित संक्रमण धातुओं में से कौन +1 और +2 ऑक्सीकरण अवस्थाएँ प्रदर्शित करती हैं ? **1**

(a) Mn (b) Zn

(c) Sc (d) Cu

14. संकुल आयरन (III) हेक्सासाइनिडोफेरेट (II) का सूत्र है : **1**

(a) $Fe_2 [Fe(CN)_6]_3$ (b) $Fe_4 [Fe(CN)_6]_3$

(c) $Fe [Fe(CN)_6]$ (d) $Fe_3 [Fe(CN)_6]_2$

अभिकथन (A) और कारण (R) से अंकित नीचे दो कथन दिए गए हैं । निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

(d) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

15. **अभिकथन (A) :** एक आदर्श विलयन के लिए मिश्रण बनाने की एन्थैल्पी $\Delta_{\text{मिश्रण}} H$ शून्य के बराबर होती है । **1**

**कारण (R) :** एक आदर्श विलयन के लिए विलेय-विलेय और विलायक-विलायक अणुओं के मध्य अन्योन्यक्रियाओं की तुलना में विलेय-विलायक अणुओं के मध्य अन्योन्यक्रियाएँ मजबूत होती हैं ।

16. **अभिकथन (A) :** सांद्रता में वृद्धि के साथ मोलर चालकता घटती है । **1**

**कारण (R) :** जब सांद्रता शून्य की ओर पहुँचने लगती है तब मोलर चालकता सीमांत मोलर चालकता कहलाती है ।

17. **अभिकथन (A) :** संक्रमण धातुएँ ऑक्सीजन के साथ अपनी उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्थाएँ प्रदर्शित करती हैं । **1**

**कारण (R) :** धातुओं के साथ ऑक्सीजन की बहु आबंध बनाने की क्षमता होना ।

13. Which of the following transition metals shows + 1 and + 2 oxidation states ? **1**

(a) Mn (b) Zn

(c) Sc (d) Cu

14. The formula of the complex Iron (III) hexacyanidoferrate (II) is : **1**

(a) $Fe_2 [Fe(CN)_6]_3$ (b) $Fe_4 [Fe(CN)_6]_3$

(c) $Fe [Fe(CN)_6]$ (d) $Fe_3 [Fe(CN)_6]_2$

Given below are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R). Select the most appropriate answer from the options given below :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

15. **Assertion (A) :** The enthalpy of mixing $\Delta_{mix} H$ is equal to zero for an ideal solution. **1**

**Reason (R) :** For an ideal solution the interaction between solute and solvent molecules is stronger than the interactions between solute-solute or solvent-solvent molecules.

16. **Assertion (A) :** Molar conductivity decreases with increase in concentration. **1**

**Reason (R) :** When concentration approaches zero, the molar conductivity is known as limiting molar conductivity.

17. **Assertion (A) :** Transition metals show their highest oxidation state with oxygen. **1**

**Reason (R) :** The ability of oxygen to form multiple bonds to metals.

18. **अभिकथन (A) :** कक्ष ताप पर, नाभिकरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं के लिए क्लोरोबेन्जीन प्रतिरोधी होती हैं । **1**


**कारण (R) :** अनुनाद के कारण C–C$l$ आबंध अधिक दुर्बल हो जाता है ।

## खण्ड – ख

19. न्यूक्लीक अम्ल क्या हैं ? क्यों DNA में दो रज्जुक एकसमान नहीं होते हैं, लेकिन एक-दूसरे के पूरक होते हैं ? **1 × 2**

20. निम्नलिखित रूपान्तरण अधिकतम दो चरणों में कीजिए : **2 × 1**

(a) $CH_3COOH$ से $CH_3COCH_3$

(b) 


21. निम्नलिखित अभिक्रियाओं में सम्मिलित रासायनिक समीकरण लिखिए : **2 × 1**

(a) राइमर–टीमन अभिक्रिया

(b) सैलिसिलिक अम्ल का ऐसीटिलन

22. (a) अणु A का B में रूपान्तरण द्वितीय कोटि की बलगतिकी के अनुरूप होता है । यदि A की सांद्रता तीन गुनी कर दी जाए तो B के निर्माण होने के वेग पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **2 × 1**

(b) एक उदाहरण सहित छद्म प्रथम कोटि अभिक्रिया की परिभाषा लिखिए ।

23. 25 °C पर शुद्ध द्रव X और शुद्ध द्रव Y के वाष्प दाब क्रमशः 120 mm Hg और 160 mm Hg हैं । यदि X और Y के समान मोलों को मिलाकर एक आदर्श विलयन बनाया जाता है, तो विलयन का वाष्प दाब परिकलित कीजिए । **2**

18. **Assertion (A) :** Chlorobenzene is resistant to nucleophilic substitution reaction at room temperature. **1**


**Reason (R) :** C–C*l* bond gets weaker due to resonance.


## SECTION – B

19. What are nucleic acids ? Why two strands in DNA are not identical but are complementary ? **1 × 2**

20. Do the following conversions in not more than two steps : **2 × 1**

(a) $CH_3COOH$ to $CH_3COCH_3$

(b) 

to 


21. Write the chemical equation involved in the following reactions : **2 × 1**

(a) Reimer-Tiemann reaction

(b) Acetylation of Salicylic acid

22. (a) The conversion of molecule A to B followed second order kinetics. If concentration of A increased to three times, how will it affect the rate of formation of B ? **2 × 1**

(b) Define Pseudo first order reaction with an example.

23. The vapour pressure of pure liquid X and pure liquid Y at 25 °C are 120 mm Hg and 160 mm Hg respectively. If equal moles of X and Y are mixed to form an ideal solution, calculate the vapour pressure of the solution. **2**

24. (a) कारण दीजिए : **2 × 1**

(i) मर्क्यूरी सेल अपने संपूर्ण कार्य अवधि में स्थिर विभव प्रदान करता है ।

(ii) वैद्युत-अपघटनी चालकत्व के प्रायोगिक निर्धारण में दिष्ट धारा (DC) प्रयुक्त नहीं की जाती है ।

**अथवा**

(b) एक उदाहरण सहित ईंधन सेल को परिभाषित कीजिए । प्राथमिक और संचायक बैटरियों की तुलना में ईंधन सेल के क्या लाभ हैं ? **2**

25. (a) निम्नलिखित के आई यू पी ए सी नाम लिखिए : **2 × 1**

(i) $[Co(NH_3)_5(ONO)]^{2+}$

(ii) $K_2[NiCl_4]$

**अथवा**

(b) (i) कीलेट संकुल क्या है ? एक उदाहरण दीजिए ।

(ii) हेटेरोलेप्टिक संकुल क्या हैं ? एक उदाहरण दीजिए । **2 × 1**

## खण्ड – ग

26. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : **3 × 1**


(a) $C_5H_{10}$ का कौन सा समावयव उज्ज्वल सूरज की रोशनी में एकल मोनोक्लोरो यौगिक $C_5H_9Cl$ देता है ?

(b) निम्नलिखित यौगिकों को $S_N2$ अभिक्रिया के प्रति बढ़ती हुई अभिक्रियाशीलता के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

2-ब्रोमोपेन्टेन, 1-ब्रोमोपेन्टेन, 2-ब्रोमो-2-मेथिलब्यूटेन

(c) ऑर्थो- तथा मेटा-समावयवियों की अपेक्षा पैरा-डाइक्लोरोबेन्जीन का गलनांक उच्च क्यों होता है ?

(d) निम्नलिखित में A और B की पहचान कीजिए :



24. (a) Give reasons : **2 × 1**

(i) Mercury cell delivers a constant potential during its life time.

(ii) In the experimental determination of electrolytic conductance, Direct Current (DC) is not used.

**OR**

(b) Define fuel cell with an example. What advantages do the fuel cells have over primary and secondary batteries ? **2**

25. (a) Write the IUPAC names of the following : **2 × 1**

(i) $[Co(NH_3)_5(ONO)]^{2+}$

(ii) $K_2[NiCl_4]$

**OR**

(b) (i) What is a chelate complex ? Give one example.

(ii) What are heteroleptic complexes ? Give one example. **2 × 1**

## SECTION – C

26. Answer any **3** of the following : **3 × 1**


(a) Which isomer of $C_5H_{10}$ gives a single monochloro compound $C_5H_9Cl$ in bright sunlight ?

(b) Arrange the following compounds in increasing order of reactivity towards $S_N2$ reaction :

2-Bromopentane, 1-Bromopentane, 2-Bromo-2-methylbutane

(c) Why p-dichlorobenzene has higher melting point than those of ortho- and meta-isomers ?

(d) Identify A and B in the following :



27. (a) (i) निम्नलिखित अभिक्रिया की कार्यविधि लिखिए : **2 + 1**

$$2CH_3CH_2OH \xrightarrow[413\ K]{H^+} CH_3 - CH_2 - O - CH_2 - CH_3 + H_2O$$

(ii) क्यों ऑर्थो–नाइट्रोफ़ीनॉल भाप द्वारा वाष्पित होती है जबकि पैरा–नाइट्रोफ़ीनॉल नहीं ?

**अथवा**

(b) क्या होता है जब **3 × 1**

(i) ऐनिसोल की $CH_3Cl$/निर्जल $AlCl_3$ के साथ अभिक्रिया की जाती है ?

(ii) फ़ीनॉल का $Na_2Cr_2O_7/H^+$ द्वारा ऑक्सीकरण किया जाता है ?

(iii) $(CH_3)_3\ C - OH$ को 573 K पर Cu के साथ गरम किया जाता है ?

अपने उत्तर के समर्थन में रासायनिक समीकरण लिखिए ।

28. (a) $[Co(en)_2Cl_2]^{2+}$ के ज्यामितीय समावयव खींचिए । $[Co(en)_2Cl_2]^{2+}$ का कौन सा ज्यामितीय समावयव ध्रुवण घूर्णक नहीं है और क्यों ? **2 + 1**

(b) $[CoF_6]^{3-}$ का संकरण एवं चुम्बकीय व्यवहार लिखिए ।

[दिया है : Co का परमाणु क्रमांक = 27]

29. एक प्रथम कोटि की अभिक्रिया को 50% पूर्ण होने में 300 K पर 30 मिनट लगते हैं और 320 K पर 10 मिनट लगते हैं । अभिक्रिया के लिए सक्रियण ऊर्जा ($E_a$) परिकलित कीजिए ।

$[R = 8.314\ JK^{-1}mol^{-1}]$ **3**

[दिया है : log 2 = 0.3010, log 3 = 0.4771, log 4 = 0.6021]

30. $F - CH_2 - COOH$ (मोलर द्रव्यमान = 78 g $mol^{-1}$) के 19.5 g को 500 g जल में घोलने पर हिमांक में 1°C का अवनमन देखा गया । $F - CH_2 - COOH$ के लिए वियोजन–मात्रा परिकलित कीजिए ।

[दिया है : जल के लिए $K_f = 1.86\ K\ kg\ mol^{-1}$]. **3**

27. (a) (i) Write the mechanism of the following reaction : **2 + 1**

$$2CH_3CH_2OH \xrightarrow[413\ K]{H^+} CH_3 - CH_2 - O - CH_2 - CH_3 + H_2O$$

(ii) Why ortho-nitrophenol is steam volatile while para-nitrophenol is not ?

**OR**

(b) What happens when

(i) Anisole is treated with $CH_3Cl$/anhydrous $AlCl_3$ ? **3 × 1**

(ii) Phenol is oxidised with $Na_2Cr_2O_7/H^+$ ?

(iii) $(CH_3)_3\ C - OH$ is heated with Cu/573 K ?

Write chemical equation in support of your answer.

28. (a) Draw the geometrical isomers of $[Co(en)_2Cl_2]^{2+}$. Which geometrical isomer of $[Co(en)_2Cl_2]^{2+}$ is not optically active and why ? **2 + 1**

(b) Write the hybridisation and magnetic behaviour of $[CoF_6]^{3-}$.

[Given : Atomic number of Co = 27]

29. A first order reaction is 50% complete in 30 minutes at 300 K and in 10 minutes at 320 K. Calculate activation energy ($E_a$) for the reaction. [$R = 8.314\ J\ K^{-1}\ mol^{-1}$] **3**

[Given : log 2 = 0.3010, log 3 = 0.4771, log 4 = 0.6021]

30. When 19.5 g of $F - CH_2 - COOH$ (Molar mass = 78 g $mol^{-1}$), is dissolved in 500 g of water, the depression in freezing point is observed to be 1°C. Calculate the degree of dissociation of $F - CH_2 - COOH$.

[Given : $K_f$ for water = 1.86 K kg $mol^{-1}$] **3**

## खण्ड – घ

निम्नलिखित प्रश्न, केस आधारित प्रश्न हैं । अनुच्छेद को सावधानीपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

31. कार्बन की अपेक्षा ऑक्सीजन की विद्युत-ऋणात्मकता उच्च होने के कारण कार्बन-ऑक्सीजन द्विक आबंध एल्डिहाइडों और कीटोनों में ध्रुवित हो जाता है । अतः वे अनेक नाभिकरागियों जैसे HCN, $NaHSO_3$, ऐल्कोहॉलों, अमोनिया व्युत्पन्नों और ग्रीन्यार अभिकर्मकों के साथ नाभिकरागी योगज अभिक्रियाएँ देते हैं । कीटोनों की अपेक्षा ऐल्डिहाइड मृदु ऑक्सीकरण अभिकर्मकों द्वारा आसानी से ऑक्सीकृत हो जाते हैं । कार्बोक्सिलिक अम्ल का कार्बोनिल समूह ऐल्डिहाइडों और कीटोनों की अभिक्रियाएँ नहीं देता है । कार्बोक्सिलिक अम्ल ऐल्कोहॉलों एवं अधिकतर अति सरल फ़ीनॉलों से काफी अधिक अम्लीय होते हैं ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) जब एक एल्डिहाइड शुष्क HC*l* की उपस्थिति में ऐल्कोहॉल के आधिक्य के साथ अभिक्रिया करता है तो निर्मित उत्पाद का नाम लिखिए । **1**

(b) फ़ीनॉल की तुलना में कार्बोक्सिलिक अम्ल अधिक प्रबल अम्ल क्यों होता है ? **1**


(c) (i) निम्नलिखित यौगिकों को $CH_3MgBr$ के प्रति उनकी अभिक्रियाशीलता के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए :


$$CH_3CHO,\ (CH_3)_3C-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3,\ CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3$$

(ii) प्रोपेनैल और प्रोपेनोन में विभेद करने के लिए रासायनिक परीक्षण लिखिए । **2 × 1**

**अथवा**

(c) निम्नलिखित में मुख्य उत्पाद लिखिए :

(i) 


(ii) 


**2 × 1**

## SECTION – D

The following questions are case based questions. Read the passage carefully and answer the questions that follow :

31. The carbon – oxygen double bond is polarised in aldehydes and ketones due to higher electronegativity of oxygen relative to carbon. Therefore they undergo nucleophilic addition reactions with a number of nucleophiles such as HCN, $NaHSO_3$, alcohols, ammonia derivatives and Grignard reagents. Aldehydes are easily oxidised by mild oxidising agents as compared to ketones. The carbonyl group of carboxylic acid does not give reactions of aldehydes and ketones. Carboxylic acids are considerably more acidic than alcohols and most of simple phenols.

Answer the following :

(a) Write the name of the product when an aldehyde reacts with excess alcohol in presence of dry HC*l*. **1**

(b) Why carboxylic acid is a stronger acid than phenol ? **1**


(c) (i) Arrange the following compounds in increasing order of their reactivity towards $CH_3MgBr$ :


$$CH_3CHO,\ (CH_3)_3C-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3,\ CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_3$$

(ii) Write a chemical test to distinguish between propanal and propanone. **2 × 1**

**OR**

(c) Write the main product in the following :

(i) 


(ii) 


**2 × 1**

32. कार्बोहाइड्रेट, ध्रुवण घूर्णक ऐल्डिहाइड और कीटोन होते हैं । उन्हें सैकैराइड भी कहते हैं । उन सभी कार्बोहाइड्रेटों को जो फेलिंग विलयन तथा टॉलेन अभिकर्मक को अपचित कर देते हैं, अपचायी शर्करा कहते हैं । ग्लूकोस, जो कि स्तनधारियों के लिए ऊर्जा का प्रमुख स्रोत हैं, स्टार्च के जलअपघटन से प्राप्त होता है । विटामिन आहार में आवश्यक सहायक भोज्यकारक हैं । प्रोटीन $\alpha$-ऐमीनो अम्लों के बहुलक हैं और जीवधारियों में विभिन्न संरचनात्मक एवं गतिज क्रियाओं को संपादित करते हैं । विटामिनों की कमी से अनेकों रोग हो जाते हैं ।

निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(a) ग्लूकोस का पेन्टाऐसीटेट, हाइड्राक्सिलऐमीन के साथ अभिक्रिया नहीं करता है । यह क्या इंगित करता है ? **1**

(b) विटामिन C को हमारे शरीर में संचित क्यों नहीं किया जा सकता है ? **1**

(c) प्रोटीनों से संबंधित निम्नलिखित की परिभाषा लिखिए :

(i) पेप्टाइड बंध

(ii) विकृतीकरण **2 × 1**

**अथवा**

(c) कार्बोहाइड्रेटों से संबंधित निम्नलिखित की परिभाषा लिखिए :

(i) ऐनोमर

(ii) ग्लाइकोसिडिक बंध **2 × 1**

## खण्ड – ङ

33. (a) (I) कारण दीजिए : **3 + 2**

(i) यद्यपि ऐमीनो समूह इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं में आर्थो एवं पैरा निर्देशक होता है फिर भी ऐनिलीन नाइट्रीकरण द्वारा यथेष्ट मात्रा में मेटानाइट्रोऐनिलीन देती है ।

(ii) जलीय विलयन में $(CH_3)_3N$ की अपेक्षा $(CH_3)_2$ NH अधिक क्षारकीय होती है ।

(iii) ऐल्किल हैलाइडों का अमीनो-अपघटन शुद्ध प्राथमिक ऐमीनो के विरचन के लिए अच्छी विधि नहीं है ।

32. Carbohydrates are optically active polyhydroxy aldehydes and ketones. They are also called saccharides. All those carbohydrates which reduce Fehling's solution and Tollen's reagent are referred to as reducing sugars. Glucose, the most important source of energy for mammals, is obtained by the hydrolysis of starch. Vitamins are accessory food factors required in the diet. Proteins are the polymers of α-amino acids and perform various structural and dynamic functions in the organisms. Deficiency of vitamins leads to many diseases.

Answer the following :

(a) The penta-acetate of glucose does not react with Hydroxylamine. What does it indicate ? **1**

(b) Why cannot vitamin C be stored in our body ? **1**

(c) Define the following as related to proteins :

(i) Peptide linkage

(ii) Denaturation **2 × 1**

**OR**

(c) Define the following as related to carbohydrates :

(i) Anomers

(ii) Glycosidic linkage **2 × 1**

## SECTION – E

33. (a) (I) Give reasons : **3 + 2**

(i) Aniline on nitration gives good amount of m-nitroaniline, though $-NH_2$ group is o/p directing in electrophilic substitution reactions.

(ii) $(CH_3)_2NH$ is more basic than $(CH_3)_3N$ in an aqueous solution.

(iii) Ammonolysis of alkyl halides is not a good method to prepare pure primary amines.


(II) निम्नलिखित में सम्मिलित अभिक्रिया लिखिए :


(i) कार्बिल ऐमीन परीक्षण

(ii) गैब्रिएल थैलिमाइड संश्लेषण

**अथवा**

(b) (I) निम्नलिखित अभिक्रियाओं में A, B और C की संरचनाएँ लिखिए : **3 + 1 + 1**

(i) 


(ii) 


(II) ऐनिलीन फ्रीडेल–क्राफ्ट्स अभिक्रिया क्यों नहीं देती है ?

(III) निम्नलिखित को उनके क्वथनांकों के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

$C_2H_5OH$, $C_2H_5NH_2$, $(C_2H_5)_3N$

34. (a) $2 \times 10^{-3}$ M मेथेनॉइक अम्ल की चालकता $8 \times 10^{-5}$ S $cm^{-1}$ है । यदि मेथेनॉइक अम्ल के लिए $\wedge_m^o$ का मान 404 S $cm^2mol^{-1}$ है तो इसकी मोलर चालकता एवं वियोजन – मात्रा परिकलित कीजिए । **3 + 2**

(b) 298 K पर दी हुई अभिक्रिया के लिए $\Delta_rG^\circ$ और log $K_c$ परिकलित कीजिए :

$$Ni_{(s)} + 2Ag^+_{(aq)} \rightleftharpoons Ni^{2+}_{(aq)} + 2Ag_{(s)}$$

दिया है : $E^\circ_{Ni^{2+}/Ni} = -0.25$ V, $E^o_{Ag^+/Ag} = +0.80$ V

$1F = 96500$ C $mol^{-1}$.


(II) Write the reaction involved in the following :


(i) Carbyl amine test

(ii) Gabriel phthalimide synthesis

**OR**

(b) (I) Write the structures of A, B and C in the following reactions : **3 + 1 + 1**

(i) 


(ii) 


(II) Why aniline does not undergo Friedal-Crafts reaction ?

(III) Arrange the following in increasing order of their boiling point :

$C_2H_5OH$, $C_2H_5NH_2$, $(C_2H_5)_3N$

34. (a) Conductivity of $2 \times 10^{-3}$ M methanoic acid is $8 \times 10^{-5}$ S $cm^{-1}$. Calculate its molar conductivity and degree of dissociation if $\Lambda_m^o$ for methanoic acid is 404 S $cm^2mol^{-1}$. **3 + 2**

(b) Calculate the $\Delta_rG°$ and log $K_c$ for the given reaction at 298 K :

$$Ni_{(s)} + 2Ag^+_{(aq)} \rightleftharpoons Ni^{2+}_{(aq)} + 2Ag_{(s)}$$

Given : $E°_{Ni^{2+}/Ni} = -0.25$ V, $E^o_{Ag^+/Ag} = +0.80$ V

1F = 96500 C $mol^{-1}$.

35. (a) (I) निम्नलिखित के कारण दीजिए : **3 + 2**

(i) $Mn^{3+}/ Mn^{2+}$ युग्म के लिए $E^o$ का मान $Cr^{3+}/ Cr^{2+}$ के मान से बहुत अधिक धनात्मक होता है ।

(ii) जलीय विलयन में $Sc^{3+}$ रंगहीन है जबकि $Ti^{3+}$ रंगीन है ।

(iii) ऐक्टिनॉयड ऑक्सीकरण अवस्थाओं का विस्तृत परास प्रदर्शित करते हैं ।

(II) $MnO_2$ से $KMnO_4$ के विरचन के लिए रासायनिक समीकरण लिखिए ।

**अथवा**

(b) (I) निम्नलिखित के कारण लिखिए : **2 + 2 + 1**

(i) संक्रमण धातुएँ मिश्रातुएँ बनाती हैं ।

(ii) $Ce^{4+}$ एक प्रबल ऑक्सीकारक है ।

(II) लैन्थेनॉयडों और ऐक्टिनॉयडों के रसायन में एक समानता और एक अंतर लिखिए ।

(III) निम्नलिखित आयनिक समीकरण को पूर्ण कीजिए :

$$Cr_2O_7^{2-} + 2OH^- \longrightarrow$$

35. (a) (I) Account for the following : **3 + 2**

(i) $E^o$ value for $Mn^{3+}/ Mn^{2+}$ couple is much more positive than that for $Cr^{3+}/ Cr^{2+}$.

(ii) $Sc^{3+}$ is colourless whereas $Ti^{3+}$ is coloured in an aqueous solution.

(iii) Actinoids show wide range of oxidation states.

(II) Write the chemical equations for the preparation of $KMnO_4$ from $MnO_2$.

**OR**

(b) (I) Account for the following : **2 + 2 + 1**

(i) Transition metals form alloys.

(ii) $Ce^{4+}$ is a strong oxidising agent.

(II) Write one similarity and one difference between chemistry of Lanthanoids and Actinoids.

(III) Complete the following ionic equation :

$$Cr_2O_7^{2-} + 2OH^- \longrightarrow$$